**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयग आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।**
**संख्या-165 /7/28/भर्ती-2/2018, 18(05)/2016**

**लखनऊः दिनांकः 17 मार्च, 2023**

# विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या-18(05)/2016, सीधी भर्ती (सामान्य चयन) 2016 के अन्तर्गत विज्ञापित निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के नियंत्रणाधीन अनुदेशक (पाक कला) वर्ग-1 के 03 पदों (अनारक्षित-02 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी-01 पद) के सापेक्ष विज्ञप्ति संख्या- 52/7/25/भर्ती अनुभाग-2/2019/18-05-2016, दिनांक-14 जून 2019 द्वारा कुल 60 अभ्यर्थियों की सूची प्रपत्र/शैक्षिक अभिलेख प्राप्त करने हेतु वेबसाइट पर अपलोड कराई गई थी। अभ्यर्थियों द्वारा आयोग कार्यालय में उपलब्ध कराये गये प्रपत्र/शैक्षिक अभिलेखों के परीक्षणोंपरान्त पर्याप्त संख्या में अनिवार्य शैक्षिक अर्हता संबंधी अभिलेख प्रेषित नहीं किये जाने के कारण विज्ञापित अनिवार्य अर्हता- **किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से होटल प्रबन्ध और भोजन प्रबन्ध प्रौद्योगिकी में त्रिवर्षीय डिप्लोमा,** के सापेक्ष शेष अभ्यर्थियों से प्रपत्र/शैक्षिक अभिलेख प्राप्त कर परीक्षण किये जाने का निर्णय लिया गया है।

| क्र0 सं0 | विज्ञापन संख्या | विभाग का नाम | पदनाम | पदों की संख्या | कट ऑफ प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | 18(05)/2016 | निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ | अनुदेशक (पाक कला) वर्ग-1 | 03 (अनारक्षित-02 पद) अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी-01पद | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से होटल प्रबन्ध और भोजन प्रबन्ध प्रौद्योगिकी में त्रिवर्षीय डिप्लोमा, के सापेक्ष **45 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले** समस्त चिन्हित अभ्यर्थी |

विज्ञापन में अनुदेशक (पाक कला) वर्ग-1 के 03 पदों हेतु विज्ञापित **अनिवार्य अर्हता** निम्नवत है-(1) **किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से होटल प्रबन्ध और भोजन प्रबन्ध प्रौद्योगिकी में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।** उक्त पद के सापेक्ष आवेदन करने वाले ऐसे समस्त अभ्यर्थी, जिनके द्वारा उपर्युक्त अनिवार्य शैक्षिक अर्हता के सापेक्ष 45 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए हों, को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की वेबसाइट **http:upsssc.gov.in** होम पेज के **Examination/Interview** सेगमेंट के अंतर्गत **Download Form For Eligibility checking: Direct Recruitment** विकल्प पर क्लिक करके उक्त पद की प्रदर्शित सूची में अपने नाम व रजिस्ट्रेशन नम्बर की पुष्टि करते हुए सम्मुख अंकित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता में निर्धारित कटऑफ तक प्राप्तांक प्रतिशत धारित करने की स्थिति में अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर पर आवेदन पत्र, प्रमाणीकरण प्रपत्र, देशनापत्रक एवं अंक तालिका पत्रक डाउनलोड कर मुद्रित करेंगे और वांछित सूचनाएं भरकर के अनुदेशक (पाक कला) वर्ग-1 पद हेतु विज्ञापित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता/अधिमानी अर्हता से संबंधित उसके समस्त सुसंगत अभिलेख यथा अनिवार्य शैक्षिक अर्हता व अनुभव से संबंधित अंक तालिका, प्रमाण पत्र/डिप्लोमा, जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र इत्यादि की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न कर सचिव, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ-226010 के पते पर दिनांक-17-03-2023 से अंतिम तिथि दिनांक- 06-04-2023 की सायं काल 5.00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से अथवा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से आयोग कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई भी प्रपत्र/शैक्षिक अभिलेख स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

17/03/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।